हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 27 फरवरी 2026
गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

04 सात लोगों पर किया जुर्माना,येलो स्पॉट की...




07 पंजीकृत संगठन में एडवोकेट सुभाष बोहत...



## खबर संक्षेप

### बालाजी मंदिर में फूल होली महोत्सव आज

**विदिशा।** किलेअंदर स्थित प्राचीन बालाजी मंदिर में शुक्रवार को एकादशी के अवसर पर भगवान बालाजी महाराज का फूल, अबीर-गुलाल से दिव्य शृंगार किया जाएगा। ठाकुर जी को फलाहार, खिचड़ी, हलुआ एवं खीर का विशेष भोग अर्पित होगा। शाम 7 बजे महाआरती के बाद महाप्रसाद वितरण, फूल होली, फाग भजन एवं हरिनाम संकीर्तन होगा। रात्रि 10:30 बजे शयन आरती संपन्न होगी। पुजारी पंडित जनार्दन चतुर्वेदी ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पधारने का आग्रह किया है।



### 1 मार्च को लगेगा निशुल्क शिविर

**विदिशा।** 1 मार्च रविवार को निःशुल्क परामर्श शिविर आयोजित होगा। शिविर रेड क्रॉस परिसर पुराना ब्लड बैंक पर सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक लगेगा। भोपाल से आए विशेषज्ञ चिकित्सक ज्वाइंट रिप्लेसमेंट, लिवर ट्रांसप्लांट, स्त्री रोग, पीडियाट्रिक्स, हेमेटोलॉजी व संक्रामक रोगों की जांच व परामर्श देंगे। बैठक में पंजीयन, जांच काउंटर, बैठने व अन्य व्यवस्थाओं की रूपरेखा तय की गई। शिविर में ज्वाइंट रिप्लेसमेंट विभाग से डॉ. आरपी सिंह, लिवर ट्रांसप्लांट एवं एचपीबी. सर्जरी विशेषज्ञ डॉ. कृपा शंकर तिवारी, स्त्री रोग एवं एंडोपेल्विक विशेषज्ञ डॉ. अजय हलदर, पीडियाट्रिक्स एवं जेनेटिक्स विशेषज्ञ डॉ. जिग्नेश शर्मा, हेमेटोलॉजी एवं बोन मैरो ट्रांसप्लांट विशेषज्ञ डॉ. शुभ एस. पुरोहित तथा क्लिनिकल इन्फेक्शस डिजीज विशेषज्ञ डॉ. सौरभ चक्रवर्ती मरीजों को परामर्श देंगे।

### 7 तक गेहूं पंजीयन 29,906 किसानों ने कराया रजिस्ट्रेशन

**विदिशा।** गेहूं, चना एवं मसूर की समर्थन मूल्य पर खरीदी के लिए किसान पंजीयन की प्रक्रिया जारी है। गेहूं पंजीयन की अंतिम तिथि 7 मार्च है, जबकि चना एवं मसूर के लिए 16 मार्च तक पंजीयन किया जा सकेगा। जिले में 113 सहकारी समितियों के माध्यम से निःशुल्क पंजीयन हो रहा है, वहीं 406 एमपीऑनलाइन व सीएससी केंद्रों पर 50 रुपए शुल्क के साथ सुविधा उपलब्ध है। अब तक 29,906 किसानों ने पंजीयन करा लिया है।

### राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बने एडवोकेट सुभाष बोहत

**विदिशा।** अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश बेनीवाल एवं राष्ट्रीय नेतृत्व की सहमति से सुभाष बोहत एडवोकेट को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। नियुक्ति पर विदिशा स्थित उनके चेंबर में समाजजनों ने शाल-श्रीफल व पुष्पमालाओं से सम्मान किया। बोहत ने सफाई कर्मचारियों के अधिकार, सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य व सम्मानजनक जीवन के लिए निरंतर संघर्ष का भरोसा दिलाया। वाल्मीकि समाज ने हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।



### गंजबासौदा व सिरोंज में भी लगेंगी सशक्त वाहनी कक्षाएं, आवेदन आमंत्रित

**विदिशा।** जिला प्रशासन एवं महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिला एवं बालिकाओं के सशक्तिकरण के लिए सशक्त वाहनी अभियान अंतर्गत गंजबासौदा एवं सिरोंज में निशुल्क कक्षाएं संचालित की जाएंगी। इन कक्षाओं में प्रतियोगी परीक्षाओं, विशेषकर पुलिस भर्ती के लिए अध्ययन मार्गदर्शन व शारीरिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रतिभागी जिनकी आयु 18 वर्ष पूर्ण एवं 12वीं उत्तीर्ण हो, 6 मार्च तक महिला एवं बाल विकास परियोजना कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं। आधार कार्ड, फोटो व 10वीं-12वीं की अंकसूची की प्रतियां आवश्यक होंगी।

---

#### पुलिस कंट्रोल में आगामी त्योहारों को लेकर शांति समिति की बैठक हुई

## कलेक्टर बोले: मंदिर-मस्जिद, धार्मिक स्थलों पर सफाई हो, शांति भंग की तो होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

आगामी त्योहारों होली, रंगपंचमी, ईद, रमजान और नवरात्रि को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के उद्देश्य से शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने बैठक की अध्यक्षता की जिसमें पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी भी उपस्थित रहे।

बैठक में अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे सहित अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी और विभिन्न समाजों के गणमान्य नागरिक मौजूद थे। त्योहारों के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था, कानून-व्यवस्था, ट्रैफिक प्रबंधन और आपसी समन्वय को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने शहर में सभी आवश्यक बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने मंदिर-मस्जिद सहित धार्मिक स्थलों के आसपास साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था और निर्बाध बिजली आपूर्ति बनाए रखने पर विशेष ध्यान देने को कहा। इसके साथ ही, बाजार क्षेत्रों में भीड़ नियंत्रण और सुचारू यातायात व्यवस्था के लिए विशेष योजना बनाने के निर्देश भी दिए गए। एसपी रोहित काशवानी ने स्पष्ट किया कि त्योहारों के दौरान शांति बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को सार्वजनिक स्थलों की निगरानी, ट्रैफिक प्रबंधन, आपातकालीन सेवाओं की तैयारी और संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने के निर्देश दिए। एसपी श्री काशवानी ने चेतावनी दी कि किसी भी प्रकार की अफवाह या असामाजिक गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसी स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे सभी त्योहार आपसी भाईचारे, शांति और सौहार्द के साथ मनाएं। लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने का आग्रह किया गया। कलेक्टर ने स्पष्ट किया की दोनों समुदाय के लोग शांति और सदभावना के साथ अपने अपने त्योहार मनाए। एसपी ने कहा की त्योहारों के दौरान शहर की शांति भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।




**विदिशा।** बैठक के दौरान दोनों समुदाय के प्रबुद्ध जनों से चर्चा करते हुए कलेक्टर अंशुल गुप्ता और एसपी रोहित काशवानी।

### बैठक में गो काष्ठ के उपयोग पर दिया जोर

कलेक्टर ने समिति के सभी सदस्यों के माध्यम से जिले में होलिका दहन में गौ-काष्ठ का अधिक से अधिक उपयोग करने की सलाह दी ताकि पर्यावरण संरक्षण के संबंध में विदिशा जिले से एक नई पहल शुरू हो। होलिका दहन में लकड़ी का उपयोग प्रतिकात्मक रूप से करने का आव्हान किया है। होली (धुरेडी) और रंगपंचमी के दिन दोपहर एक बजे से शाम 5 बजे तक अतिरिक्त जल प्रदाय किया जाएगा। नियत स्थलों पर पानी के टेंकर रखवाए जाएंगे।

### हाली पर घाटों पर गोताखोर रहेंगे तैनात

गतवर्ष की भांति इस वर्ष भी बेस, बेतवा नदी सहित अन्य घाटों पर होमगार्ड के सैनिक और गोताखोर धुरेडी एवं पंचमी के दिन तैनात रहेंगे। ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना घटित न हो सकें।

---

#### विधायक टंडन ने बजट सत्र में उठाए प्रश्न

## विधानसभा में गूंजे विजय मंदिर सहित 4 जनहित मुद्दे

> नए जिला अस्पताल भवन को मेडिकल कॉलेज में विलय कर पुराने अस्पताल भवन को नपा को सौंपने का प्रस्ताव रखा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

विधानसभा के बजट सत्र के दौरान विधायक मुकेश टंडन ने निर्वाचन क्षेत्र से जुड़े चार महत्वपूर्ण जनहित मामलों को तारांकित एवं अतारांकित प्रश्नों के माध्यम से उठाया।

विधायक ने विदिशा स्थित ऐतिहासिक विजय मंदिर (बीजामंडल) में हिंदू समाज को स्थायी रूप से पूजा-अर्चना की अनुमति देने, ताला खुलवाने तथा मंदिर का जीर्णोद्धार एवं पुनर्निर्माण कर इसे हिंदू समाज को सौंपने की मांग की। वहीं नवीन जिला चिकित्सालय भवन को मेडिकल कॉलेज में विलय किया जाए। पुराने चिकित्सालय भवन को नगर पालिका विदिशा को सौंपा जाए। इसके साथ जिला चिकित्सालय का नया भवन अन्य उपयुक्त स्थान पर निर्मित करने का प्रस्ताव रखा गया। विदिशा, गुलाबगंज एवं ग्यारसपुर तहसील अंतर्गत मजरा-टोलों, विशेषकर ककरूआ चक्क व गुनुआ चक्क को राजस्व ग्राम घोषित करने की मांग की गई। साथ ही 35 वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके शिक्षा विभाग के लिपिक वर्गीय कर्मचारियों को चतुर्थ समयमान वेतनमान का लाभ देने की मांग उठाई गई। शासन ने सभी मामलों में परीक्षण उपरांत शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया है।



---

#### कलेक्टर के निर्देश पर अटारी खेजड़ा क्षेत्र में कार्रवाई

## अवैध गैस रिफिलिंग पर छापा, 22 सिलेंडर जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशन में खाद्य विभाग की संयुक्त टीम ने अटारीखेजड़ा क्षेत्र में अवैध गैस रिफिलिंग के खिलाफ छापामार कार्रवाई की।

जिला आपूर्ति अधिकारी अनिल तंतुवाय ने बताया कि कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी मिताली मेहरा एवं सहायक आपूर्ति अधिकारी पिंकी शाक्य के नेतृत्व में राजेश कुमार दांगी के घर पर दबिश दी गई। कार्रवाई में 11 भरे घरेलू, 4 आंशिक भरे घरेलू, 3 व्यावसायिक तथा 5 छोटे (5 किलोग्राम) सिलेंडर सहित कुल 22 गैस सिलेंडर जब्त किए गए। मौके से 2 रिफिलिंग मशीनें, नोजल पाइप और 12 उपभोक्ताओं की पासबुक भी बरामद हुईं। जब्त सामग्री की अनुमानित कीमत करीब 66 हजार रुपए आंकी गई है। आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।



---

## हरीसिंह मूड़रा गांव में कार से 70 लीटर अवैध शराब जब्त की

- दो स्थानों से खुले में शराब पीने वालों को भी दबोचा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

सिविल लाइन पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की।

दिल्ली नंबर की एक कार में शराब तस्करी की सूचना मिलने पर पुलिस ने वाहन का पीछा किया। रात करीब 9 बजे ग्राम हरीसिंह मूढरा में चालक कार छोड़कर फरार हो गया। टीआई आरके मिश्र ने बताया कि कार की तलाशी लेने पर उसमें 70 लीटर अवैध शराब बरामद हुई, जिसकी कीमत लगभग 45 हजार रुपए आंकी गई है। जब्त कार की कीमत करीब 6 लाख रुपए बताई गई है। पुलिस ने कुल 6 लाख 45 हजार रुपए का माल जब्त कर वाहन को थाने में खड़ा कराया है। साथ ही पीतल मिल पूरनपुरा इंडस्ट्रियल एरिया में सार्वजनिक रूप से शराब पीने वालों पर भी चालानी कार्रवाई की गई। आरोपी चालक की तलाश जारी है।

---

#### आज से जिले की शराब दुकानों की ई-नीलामी प्रक्रिया होगी

## 422.68 करोड़ रुपए में नीलाम होंगी जिले की शराब दुकानें तीन चरणों में होगी प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

जिले की शराब दुकानों की नीलामी प्रक्रिया आज से शुरू होगी। कलेक्टर के निर्देशन में जिला समिति द्वारा यह कार्यवाही ई-टेंडर एवं ई-टेंडर कम ऑक्शन के माध्यम से कराई जाएगी।

जिला आबकारी अधिकारी शरद पाठक ने बताया कि ई-टेंडर प्रक्रिया 3 चरणों में की जाएगी। प्रथम चरण 27 फरवरी से 2 मार्च, द्वितीय चरण 3 मार्च से 5 मार्च तथा तृतीय चरण 6 मार्च से 17 मार्च तक होगा। शराब दुकानें लेने वाले ठेकेदार ऑनलाइन पोर्टल से टेंडर प्रपत्र डाउनलोड कर तय समयावधि में अपने प्रस्ताव दे सकते हैं।

### 74 शराब दुकानों को 16 समूहों में विभाजित किया

नई नीति के तहत जिले की 74 कम्पोजिट मदिरा दुकानों को 16 समूहों में विभाजित किया गया है। इनका कुल आरक्षित मूल्य 422.68 करोड़ रुपए निर्धारित किया गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 20 प्रतिशत अधिक है। प्रशासन को इससे राजस्व में उल्लेखनीय वृद्धि की उम्मीद है। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि पूरी प्रक्रिया शासन के निर्देशों के अनुरूप, समय-सीमा में और निष्पक्षता के साथ कराई जाए।

---

## यातायात पुलिस ने ओवरलोड बल्कर वाहन पकड़ा, 90 हजार रु.का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

यातायात पुलिस एक ओवरलोड बल्कर वाहन को पकड़ा, जिस पर न्यायालय ने 90 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है।

थाना यातायात प्रभारी आशीष राय और उनकी टीम ने विवेकानंद चौराहा पर चेकिंग अभियान चलाया। इसी दौरान बीना से भोपाल की ओर जा रहे एक बल्कर को रोका गया। जांच में सामने आया कि वाहन का परमिट 28 टन का था, जबकि उसमें 68 टन माल भरा हुआ पाया गया। निर्धारित क्षमता से 40 टन अधिक भार पाए जाने पर वाहन को जब्त कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। न्यायालय ने संबंधित वाहन पर 90 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया। पुलिस ने बताया कि ओवरलोडिंग से सड़कें क्षतिग्रस्त होती हैं और दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ता है। पुलिस का कहना है कि ऐसे मामलों में आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।



**तेज रफ्तार दौड़ते डंपरों पर भी कार्रवाई की मांग:** यातायात पुलिस से शहर में तेज रफ्तार से दौड़ते मुरम और गिट्टी से भरे डंपरों पर भी ध्यान देने की मांग की गई है। भारी वाहन न केवल सड़कों को नुकसान पहुंचा रहे हैं, बल्कि कई बार दुर्घटनाओं का कारण भी बनते हैं। लोगों ने शहर के भीतर ओवरलोड वाहनों के खिलाफ नियमित और कड़ी कार्रवाई की अपील की है।

---

#### 23वीं श्रीमंत माधवराव सिंधिया स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता 2026 का समापन

## आरजीपीवी कॉलेज ने एलएनसीटी को 4 विकेट से हराकर ट्रॉफी अपने नाम की

> मैन ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब हिमांश मेवाड़ा को दिया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

एसएटीआई 23वीं श्रीमंत माधवराव सिंधिया स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता 2026 का फाइनल मुकाबला रोमांचक रहा।

आरजीपीव्ही ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एलएनसीटी को 4 विकेट से पराजित कर ट्रॉफी अपने नाम की। फाइनल में एलएनसीटी ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का निर्णय लिया। टीम ने 25 ओवर में 10 विकेट खोकर 160 रन बनाए। हर्ष ने 31 गेंदों पर 34 रन (5 चौके) की पारी खेली, जबकि अभिनीत गौर ने 14 गेंदों में 24 रन (2 चौके, 1 छक्का) जोड़े। आरजीपीव्ही की ओर से श्रजल शर्मा ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर में 22 रन देकर 4 विकेट झटके। भरत असनानी ने 5 ओवर में 35 रन देकर 2 विकेट हासिल किए।

लक्ष्य का पीछा करते हुए आरजीपी व्ही ने मात्र 22 ओवर में 161 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। मुकुल सिंह ने 24 गेंदों में 40 रन (7 चौके, 1 छक्का) की आक्रामक पारी खेली, जबकि फैजान ने 29 गेंदों में 38 रन (7 चौके, 1 छक्का) बनाए। एल.एन.सी.टी. के तरंग और प्रियांष कुमुद ने 2-2 विकेट लिए। श्रजल शर्मा को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व एमपीसीए अध्यक्ष अभिलाष खांडेकर सहित अन्य अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। मैन ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब हिमांश मेवाड़ा को मिला। बेस्ट फील्डर अभिषेक मिश्रा और बेस्ट विकेटकीपर ललित रहे।




**विदिशा।** अतिथियों द्वारा विजेता टीम को ट्राफी देकर पुरस्कृत किया गया।

---

#### पुलिस पंचायत में सीनियर सिटीजन प्रकरणों का त्वरित निराकरण किया गया

## 80 वर्षीय वृद्ध को फर्जी जमीन एग्रीमेंट से दिलाई सुरक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

पुलिस पंचायत के दौरान सीनियर सिटीजन प्रकरणों की सुनवाई कर समाधान किया गया।

एक प्रकरण में गंजबासौदा निवासी 80 वर्षीय सीनियर सिटीजन ने शिकायत की कि उनके पुत्र ने विवाद के दौरान घर में आग लगाकर सामान जला दिया, जिसके कारण बुजुर्ग दंपती को 1500 रुपए प्रतिमाह किराए के मकान में रहकर मजदूरी से जीवनयापन करना पड़ रहा है। पंचायत में दोनों पक्षों को सुनने के उपरांत पुत्र को कड़ी समझाइश दी गई। निर्णय लिया गया कि माता-पिता अपने मकान में ही रहेंगे तथा पुत्र उनके लिए आवश्यक सामान, राशन एवं देखभाल की व्यवस्था पुत्र स्वयं पत्नी सहित अन्य किराये के मकान में रहेगा। इस सहमति पर बुजुर्ग दंपति ने संतोष एवं प्रसन्नता व्यक्त की।

### बेटे ने सामान जलाया, किराए से रहने को मजबूर बुजुर्ग दंपति को मिला न्याय



75 वर्षीय महिला ने शिकायत की कि वर्ष 2017 में पुत्र का तलाक हो गया था। वर्ष 2025 में पुत्र द्वारा खरीदा गया ट्रक हाल ही में बेचा गया, जिसकी राशि पर पोता (जो तलाक के समय से अपनी मां के साथ रह रहा है) हिस्सा मांग रहा है और दादी को राशि नहीं लेने दे रहा। पंचायत में दोनों पक्षों को बुलाकर चर्चा की गई। पोते को समझाया गया कि ट्रक की राशि पर प्रथम अधिकार बुजुर्ग दादी का है, क्योंकि वह आर्थिक रूप से असहाय हैं। सहमति उपरांत राजीनामा दर्ज किया गया।

### नोटिस देकर रजिस्ट्री का दबाव बनाया जा रहा था

ग्राम सौंठिया निवासी सीनियर सिटीजन ने शिकायत की कि उनकी भूमि के संबंध में कुछ व्यक्तियों द्वारा नोटिस भेजकर रजिस्ट्री का दबाव बनाया जा रहा है तथा झूठा एग्रीमेंट कर रुपए लेने की बात कही जा रही है, जबकि उन्होंने कोई राशि प्राप्त नहीं की है। पंचायत में अनावेदक पक्ष से पूछताछ की गई, परंतु वे संतोषजनक उत्तर या वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। उन्हें सख्त हिदायत दी गई कि किसी प्रकार की जालसाजी या दबाव न बनाया जाए।

---

## सहकारी संस्थाओं के अध्ययन के लिए विद्यार्थियों का दल रवाना हुआ

**विदिशा।** अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025-26 के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में उपायुक्त सहकारिता डीके झारिया के मार्गदर्शन में कृषि महाविद्यालय गंजबासौदा के 40 छात्र-छात्राओं का दल 4 सहकारी संस्थाओं के अध्ययन के लिए रवाना किया गया। दल को डीन कृषि महाविद्यालय द्वारा हरी झंडी दिखाकर आराधना सहायक अध्यापक के नेतृत्व में फिनिक्स बीज सहकारी समिति मर्यादित सीहोरा भेजा गया। बीज सोसायटी में विद्यार्थियों को प्रयोगशाला में बिना बीज के पौध तैयार करने की तकनीक, विशेष पोषक तत्वों के उपयोग तथा तापमान नियंत्रित उपकरणों की जानकारी दी गई। पौधों को निर्धारित मापदंडों के अनुसार तैयार कर विक्रय किए जाने की प्रक्रिया भी समझाई गई। बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्यादित सीहोरा में अल्पकालीन व दीर्घकालीन ऋण वितरण प्रणाली का अध्ययन कराया गया। प्रबंधक ने बताया कि तीन लाख रुपए तक का ऋण एक वर्ष के लिए ब्याजमुक्त दिया जाता है तथा पशुपालन हेतु 18 हजार रुपए तक ऋण उपलब्ध है।



## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2700
उच्चतम भाव-5590
सरसों
न्यूनतम भाव-4600
उच्चतम भाव-6200
चना
न्यूनतम भाव-4100
उच्चतम भाव-5200
मसूर
न्यूनतम भाव-2700
उच्चतम भाव-7261
ज्वार
न्यूनतम भाव-3800
उच्चतम भाव-3800
मक्का
न्यूनतम भाव-1270
उच्चतम भाव-1603
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2200
उच्चतम भाव-3355
धान
न्यूनतम भाव-1300
उच्चतम भाव-4352
बटरी
न्यूनतम भाव-3200
उच्चतम भाव-4200
गेहूं
न्यूनतम भाव -1900
उच्चतम भाव- 3088
उड़द
न्यूनतम भाव-2855
उच्चतम भाव-6910
तुअर
न्यूनतम भाव-5800
उच्चतम भाव-6000
मूंग
न्यूनतम भाव-4200
उच्चतम भाव-4200
मैथीदाना
न्यूनतम भाव-3500
उच्चतम भाव-3500

### कृषि मण्डी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मण्डी में गुरुवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मण्डी में 8752 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

# सात लोगों पर किया जुर्माना,येलो स्पॉट की हुई पुताई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




स्वच्छ एवं स्वस्थ शहर की दिशा में नगर में "खुले में पेशाब ना भाई" अभियान के अंतर्गत आज पुराने बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड सहित नगर के विभिन्न क्षेत्रों में खुले में पेशाब की शिकायत वाले येलो स्पॉट चिन्हित कर उनकी पुताई कराई गई। इस दौरान आमजन को खुले में पेशाब करने से होने वाले स्वास्थ्य व पर्यावरण संबंधी दुष्परिणामों की जानकारी दी गई और स्वच्छ शौचालयों के उपयोग के लिए प्रेरित किया गया। अभियान के अंतर्गत खुले में पेशाब करते पाए जाने पर 7 लोगों पर चालानी कार्रवाई भी की गई। कार्यक्रम में नगर पालिका के पूर्व स्वास्थ्य अधिकारी आरके नेमा ने खुले में पेशाब करने से फैलने वाली विभिन्न बीमारियों, संक्रमण और गंदगी के कारण उत्पन्न समस्याओं पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि खुले में पेशाब करने से न केवल वातावरण दूषित होता है बल्कि यह जनस्वास्थ्य के लिए भी गंभीर खतरा है। वहीं आई ई सी गतिविधि सहयोगी संस्था Aavaran Social Welfare Society से अभिषेक शर्मा द्वारा खुले में पेशाब करने वालों को समझाइश दी गई। उन्होंने बताया कि यह आदत शहर की स्वच्छता को नुकसान पहुंचाती है और समाज में गलत संदेश देती है।

सभी नागरिकों से सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी न फैलाने और शौचालयों का उपयोग करने की अपील की गई। नगर पालिका प्रशासन ने स्पष्ट किया कि स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वालों पर आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और ऐसे जागरूकता अभियान लगातार चलाए जाएंगे।

## अयोध्या बस्ती के संस्कार केन्द्र पर संस्कार भारती की बैठक संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सेवा भारती द्वारा संचालित नगर के वार्ड नंबर 8 अयोध्या बस्ती में संस्कार केंद्र की बैठक आयोजित हुई। बैठक को सेवा भारती विदिशा के विभाग समन्वयक राजेश भार्गव ने संबोधित किया। इसमें संस्कार केंद्र की छात्रा और महिलाओं को समाज में अच्छे संस्कार पालन करने के उद्देश्य पर जोर दिया, अच्छे संस्कार अपने माता-पिता गुरुजनों एवं अपने से बड़ों के सम्मान करने से आते हैं। आपके संस्कार आने वाली पीढ़ी एवम समाज को नई दिशा देते है। संस्कार केंद्र पर आने वाले बच्चों के पालकों की बैठक रखकर सेवा भारती के संस्कार केंद्र के उद्देश्य बताए और उनसे अपील की कि आज के परिवेश में बच्चियों को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करें। संस्कार केंद्र पर भजन मंडली गठन करने पर भी जोर दिया गया। इससे अधिक से अधिक महिलाएं एवं बच्चे जुड़ सके। कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों ने शिव आराधना को लेकर एक नृत्यनाटिका प्रस्तुत की। उक्त कार्यक्रम में नगर प्रभारी मयंक टांक, दिनेश कंचन, रश्मि सहित सेवा भारती के सभी साथी उपस्थित रहे।

## देहात थाना पुलिस ने किया खुलासा, भोपाल से पकड़ा आरोपी

# एआई की मदद से 24 घण्टे में पकड़ाया मंदिर में चोरी का आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





हनुमान मंदिर में चोरी करने वाले अज्ञात चोर को देहात थाना पुलिस ने एआई की मदद से 24 घंटे में गिरफ्तार कर लिया। गुरूवार को पुलिस ने पत्रकार वार्ता आयोजित कर इस मामले का खुलासा किया। यहां उल्लेखनीय है कि गत 24 फरवरी को चूड़ी मोहल्ला स्थित हनुमान मंदिर से चांदी का मुकुट व चांदी का छत्र चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। जिस पर देहात थाना पुलिस ने धारा 305 (ए) बीएनएस के तहत अज्ञात चोर के विरूद्ध प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया था। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एवं एसडीओपी शिखा भलावी के मार्गदर्शन में अज्ञात चोर एवं माल मसरूका की तलाश के लिये विशेष टीम गठित की गई। टीम द्वारा कस्बा में लगभग 150 सीसीटीवी कैमरों की जांच की जिसमें आरोपी मास्क लगाया हुआ पाया गया। A1 की मदद से आरोपी का स्केच तैयार किया जाकर आरोपी कि पहचान कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्ध आरोपी विनय कुमार दुबे उम्र 21 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 17 भानपुर भोपाल से मंदिर में की गई चोरी के संबंध में पूछताछ की गई। जिसके द्वारा जुर्म स्वीकार करना बताया एवं हनुमानजी के मंदिर से चोरी किये चांदी का मुकुट व चांदी के छत्र को अपने घर भानपुर में छिपाकर रखा था। जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया। आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। जब्तशुदा माल में चांदी का मुकुट 1 नग, चांदी का छत्र 1 नग, कीमती 1 लाख 20 हजार रुपये जब्त किए गए। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक संजय बेदिया, राजेन्द्र सिंह ठाकुर, रोहित कौरव, लक्ष्मण डाबर, दिव्यक्रांति भार्गव, रामनिवास मीना ,सचिन जाट, राकेश जाटव, राहुल झा, रिषभ श्रीवास्तव की विशेष भूमिका रही।

## सैंटएसआरएस के पंद्रह विद्यार्थी विज्ञान मंथन यात्रा के लिए चयनित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा आयोजित विज्ञान मंथन यात्रा के लिए सैण्ट एसआरएस पब्लिक हायर सैकेण्डरी स्कूल के 15 विद्यार्थियों का चयन किया गया है। जबकि इस अवसर पर स्कूल के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को बधाई और शुभकामनाएं देकर उनके उज्वल भविष्य की कामना की है। विज्ञान प्रभारी प्रियंका अग्रवाल एवं डॉ. कमला चतुर्वेदी ने बताया कि पूरे विदिशा जिले से कुल 48 विद्यार्थियों का चयन किया गया है। यह यात्रा 20 से 27 अप्रैल के मध्य होना प्रस्तावित है। इस यात्रा में कक्षा 10 से 12 तक के विद्यार्थियों को सम्मिलित किया गया है। इस यात्रा का उद्देश्य छात्र छात्राओं में विज्ञान विषय के प्रति रुचि जागृत करना और ज्ञान विज्ञान के प्रति वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना है। कक्षा दसवी से अनुराग अहिरवार, मनीष विश्वकर्मा, मुस्कान अहिरवार कक्षा 11 वीं से अक्षत रघुवंशी और प्रशांत कुमार चौधरी को चुना गया है। वहीं कक्षा 12 वीं से अरुण अहिरवार, भूमि सेन, गुरुप्रताप रघुवंशी, कुणाल चौधरी, महिमा राजपूत, निकिता यादव, प्रिंस जैन, शिखा लोधी, तान्या शर्मा, सानिध्य कद्रे का विज्ञान मंथन यात्रा के लिए चयन किया गया है। वहीं प्रतीक्षा सूची में दिशा यादव, अदिति यादव, सक्षम जाटव एवं चंचल सिंह को प्रतीक्षा सूची में रखा गया है। संस्था के डायरेक्टर केएस यादव, मैनेजिंग डायरेक्टर सुधा यादव, प्राचार्य उमेश चंद्र यादव, उप प्राचार्य रजनी गुप्ता, डॉ विजय जैन, डॉ अमर सिंह ठाकुर, केपीएस चौहान, दिनकर कद्रे, कुलेन्द्र श्रीवास्तव सहित शिक्षक परिवार ने शुभकामनाएं दी।

## खबर संक्षेप

### दल ने की संपत्तिकर जलकर वसूली



**गंजबासौदा।** गुरुवार को नगरपालिका दल द्वारा वार्ड क्रमांक 6 में पहुंचकर संपत्तिकर, जलकर की राशि जमा कराई गई। अमले ने बताया कि इस तरह की कार्रवाई आगे भी नगर में जारी रहेगी। यहां उल्लेखनीय है कि नगरपालिका द्वारा नगर के सभी वार्डों में दल के साथ पहुंचकर वसूली अभियान चलाकर जलकर एवं संपत्तिकर की वसूसी की जा रही है। जिससे नपा को अधिक राजस्व प्राप्त हो।

# तीर्थंकर बालक के गर्भ में आते ही, मां ने देखे 16 स्वप्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



पंच कल्याणक महोत्सव के दूसरे दिन शुक्रवार को प्रातः नित्य महा मस्तकाभिषेक और शांतिधारा के उपरांत गर्भ कल्याणक पूजन आयोजित हुई, वहीं कार्यक्रम स्थल अयोध्या नगरी में नगर में विराजमान मुनि विमल सागर एवं मुनि अनंत सागर महाराज के मंगल देशना सुनने का अवसर प्राप्त हुआ। मुनि ने द्वारा गर्भ संस्कार का महत्व और तीर्थंकर भगवान आदिनाथ के जीवन पर आधारित प्रवचन श्रद्धालुओं को दिए। दोपहर 12 बजे भगवान के माता पिता बनने वाले सौभाग्य शाली प्रमुख पात्र निर्मला सुनील कुमार जैन बरबाई वाला परिवार को ससम्मान रथ पर बैठाकर आयोजन स्थल अयोध्या नगरी लाया गया। जहां तीर्थंकर बालक की माता मां मरुदेवी की गोद भराई का कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य पात्रों के साथ सभी इंद्र इंद्राणी और समाज के प्रमुख पदाधिकारी मौजूद रहे। वहीं शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में नव निर्मित चौबीसी वेदी की शुद्धि के लिए सौधर्म इंद्र अपनी इंद्राणी के साथ ऐरावत हाथी पर बैठकर एवं शेष प्रमुख पात्र अपने अपने रथों पर बैठकर जुलूस के साथ त्योंदा रोड शांतिनगर स्थित श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर पहुंचे। जहां ब्रहम्चारी विनय भैय्या ने मंत्रोच्चार द्वारा वेदी शुद्धि एवं नवीन जिनालय शुद्धि कार्यक्रम संपन्न कराया। फिर मंदिर की शिखर शुद्धि प्रतिष्ठा संस्कार आयोजित हुआ। शाम को महाआरती के पुण्यार्जक बनने का गौरव महेश कुमार, मुकेश कुमार, संस्कार कुमार जैन संस्कार बिल्डिंग परिवार को प्राप्त हुआ। पुण्यार्जक परिवार के निज निवास से ऐरावत हाथी के साथ बग्गी और गाजे बाजे लेकर महाआरती प्रारंभ हुई जो कि प्रमुख मार्गो से होते हुए आयोजन स्थल पहुंची। कार्यक्रम स्थल पर मंगल आरती के उपरांत सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए, जिसमें महाराजा नाभिराय का राज दरबार लगा जिसमें सभासदों द्वारा तत्व चर्चा हुई और राज दरबार के प्रधान मंत्री एवं सेनापति से राज्य की स्थिति के बारे में चर्चा हुई। माता मरुदेवी ने राजा नाभिराय को अपने सोलह सपनों के बारे में बताते हुए फलादेश के बारे में विस्तार से जानना चाहा, तो वहीं राजा नाभिराय द्वारा शुभ संकेत को जानते हुए रानी मरुदेवी को सपनों के फलादेश को विस्तार से समझाया। जिसका सचित्र चित्रण मंच पर लगी बड़ी एलईडी स्क्रीन पर हुआ। राज दरबार में छप्पन कुमारी देवियों द्वारा नृत्य गान बधाई दी गई और तीर्थंकर बालक की माता को उपहार भेंट किए गए। वैसे तो सभी दिगंबर जैन मुनि कठिन तपस्चर्या के लिए जग विख्यात हैं, तो वहीं नगर में विराजमान मुनि विमल सागर महाराज अष्टांका महापर्व में लगातार 72 घंटों से बिना आहार पानी ग्रहण कर अपनी दैनिक क्रियाएं बिना किसी रुकावट के पूर्ण कर रहे हैं। मुनि विमल सागर महाराज पूर्व में भी अष्टांका महापर्व में आठ आठ दिन तक बिना आहार एवं पानी ग्रहण कर निर्जला उपवास कर अपनी देह को तपस्या में तपा कर कर्मों की निर्जरा करने के लिए जाने जाते हैं।

### डंपरों के कारण वाहन चालक हो रहे परेशान

**त्योंदा।** इन दिनों खेरोदा रोड पर डंपरों के आवागमन के कारण अन्य वाहन चालक परेशान हो रहे हैं। प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा डंपरों को रोकने पर भी डंपर नहीं रुक रहे हैं। यहीं समर्थन मूल्य पर उपज तौलने के लिए तुलाई केन्द्र सड़क किनारे बना है, जिससे कभी भी दुर्घटना घटित हो सकती है। सड़क ठेकेदार की मनमानी के कारण कभी भी बड़ा हादसा घटित हो सकता है। इससे पहले भी डंपरों के तेज गति से चलने के अनेक वाहन दुर्घटनाएं घटित हो चुकी हैं।

### राजस्व, पुलिस ने ओवरलोड, तेज स्पीड वाले डंपरों पर की कार्रवाई



**त्योंदा।** गुरुवार को त्योंदा पुलिस और राजस्व विभाग द्वारा संयुक्त रुप से कार्रवाई करते हुए बागरोद चौराहा पर वाहन चैकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान ओवरलोड एवं तेज गति में चलने वाले डंपरों पर जुर्माने की कार्रवाई की गई। चालानी कार्रवाई के दौरान डंपर चालकों से लगभग 2000 रुपए का जुर्माना वसूल किया गया। वहीं कई दो पहिया एवं चार पहिया वाहन चालकों से भी दस्तावेज, हैलमेट आदि की पूछताछ की गई और उन्हें नियमानुसार एवं सुरक्षित वाहन चलाने की समझाइश दी गई। इस अवसर पर मयंक साहू, सुनील कुमार, सन्तोष कुमार, प्रवीण साहू, प्रेम नारायण साहू आदि मौजूद रहे।

## धर्म त्याग की साधना है न कि दिखावे का मार्गः श्रीमहंत राम मनोहर दास

# स्मरण मात्र से भाव-विभोर हो जाते हैं भगवान श्रीराम





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सेवा-धर्म भावुकता या दिखावे का विषय नहीं, बल्कि त्याग की कठोर साधना है। जो सेवा का मार्ग चुनता है, उसे अपने सुख, सुविधा और स्वार्थ का परित्याग करना पड़ता है। सेवा के नाम पर मंचीय प्रदर्शन आसान है, लेकिन वास्तविक सेवा में समय, श्रम और सुविधा छोड़नी पड़ती है। योग के नियम, आसन और प्राणायाम साधे जा सकते हैं, पर सेवा-धर्म का निर्वाह वही कर पाता है, जो अपने अहं को पीछे छोड़ दे। सेवा अधिकार नहीं, केवल समर्पण होता है। भरत जी ने सत्ता और वैभव से दूर रहकर प्रभु-सेवा को चुना, यही उनका आदर्श चरित्र है। आज के समय में अधिकार की होड़ बढ़ रही है, ऐसे में भरत-भाव समाज को विनम्र नेतृत्व और निस्वार्थ सेवा की सीख देता है। चित्रकूट में स्वयंपाकी परमहंस जी महाराज के आश्रम में भगवान सीताराम की प्राण प्रतिष्ठा एवं पंच कुंडीय महायज्ञ के उपलक्ष्य में सनकादिक आश्रम में आयोजित हो रही नवदिवसीय भरत चरित्र की कथा के आठवे दिवस में नौलखी खालसा के श्रीमहंत राम मनोहर दास महाराज ने व्यास पीठ से भक्तों को मार्मिक संदेश दिया। कथा व्यास का पूजन पंडित परमानंद शास्त्री भोपाल द्वारा यजमान नागेंद्र उपाध्याय ममता उपाध्याय ने किया। चित्रकूट की महिमा पर प्रकाश डालते हुए महाराजश्री ने रामकथा को 'मंदाकिनी' की संज्ञा देते हुए कहा कि जैसे मंदाकिनी में स्नान से देह पवित्र होती है, वैसे ही रामकथा में मन डुबाने से अंतःकरण शुद्ध होता है। चित्रकूट वह भूमि है, जहां रामकथा की अविरल धारा बहती है और श्रद्धालु इसी धारा में अपने भीतर की अशांति को धोते हैं। रामकथा से मन का शोधन होता है और जीवन में मंगल का उदय होता है। प्रभु श्रीराम का चरित्र जीवन में मर्यादा, संयम और करुणा का संस्कार भरता है। कथा का प्रभाव केवल सुनने तक ही सीमित नहीं रहता, बल्कि आचरण में उतरकर व्यक्ति के व्यवहार को भी बदलता है। महाराजश्री ने कथा के दौरान व्यास पीठ से श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि वे कथा को केवल सुनें नहीं, बल्कि उसे जीवन में उतारें। भरत-भाव की व्याख्या करते हुए महाराजश्री ने कहा कि यह भाव अधिकार से नहीं, समर्पण से जन्म लेता है। भरत जी ने राजसत्ता का त्याग कर सेवा को अपनाया यही उनके चरित्र की मूल शिक्षा है। उन्होंने प्रभु के प्रति अपना प्रेम अधिकार के रूप में नहीं, दायित्व के रूप में जिया। कथावाचक ने भरत जी के चरित्र का स्मरण कराते हुए कहा कि सेवा में रत होने के लिए व्यक्ति को अपनी नींद, भोजन, स्वतंत्रता और सुविधा तक छोड़नी पड़ती है।

यही कारण है कि सेवा-मार्ग सबसे कठोर माना गया है। लक्ष्मण की सेवा-निष्ठा और देवी सुनैना द्वारा धर्म-नीति के संस्कारों का उल्लेख करते हुए कहा कि वेदांत की सूक्ष्मताओं को समझना संभव है, पर भरत-प्रेम की महिमा को शब्दों में बांध पाना कठिन है। भरत जी का प्रेम इतना विराट है कि स्वयं प्रभु श्रीराम भी उनके स्मरण में भाव-विभोर हो उठते हैं। जब भरत-चरित्र का वर्णन होता है, तब कथा-व्यास स्वयं प्रेम-सिंधु में डूब जाते हैं। यह भूमि चित्रकूट उसी प्रेम-सिंधु के कणों से पावन हुई है। आज भी यहां की धूल, कण-कण में भरत-भाव की सुगंध है और सीताराम प्रभु के चरणों की स्मृति अंकित है।

## बैठक में ज्यादा से ज्यादा मामलों के राजीनामे पर जोर दिया



**गंजबासौदा।** नेशनल लोक अदालत के जरिए ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभ देने के उद्देश्य से न्यायालय परिसर के सभागृह में पत्रकार वार्ता हुई। जिसमें बताया गया कि 14 मार्च को न्यायालय परिसर में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसमें लंबित प्रकरणों का निराकरण होगा। प्रीलिटिगेशन प्रकरणों का भी निराकरण होगा। लोक अदालत में आपराधिक शमनीय प्रकरण रखे जाएंगे। अधिनियम की धारा 138 के प्रकरण रखे जाएंगे, बैंक रिकवरी मामले रखे जाएंगे। मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा एमएसीटी प्रकरण रखे जाएंगे। वैवाहिक विवाद के प्रकरण रखे जाएंगे, विद्युत बिल से जुड़े प्रकरण रखे जाएंगे। जलकर बिल से जुड़े प्रकरण रखे जाएंगे। इसके अलावा अन्य सभी राजीनामा योग्य मामले भी रखे जाएंगे। नेशनल लोक अदालत की तैयारियों के तहत 25 फरवरी को बीमा कंपनियों के अधिवक्ताओं के साथ मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण से जुड़े मामलों पर विचार-विमर्श के लिए विशेष बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता हरप्रसाद वंशकार द्वितीय जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति ने की। बैठक में बीमा कंपनियों के अधिवक्ता मौजूद रहे। आवेदक पक्ष के अधिवक्ता भी मौजूद रहे। बैठक में लोक अदालत में रखे जाने वाले एमएसीटी प्रकरण चिन्हित किए गए। ज्यादा से ज्यादा मामलों का निराकरण आपसी सहमति से करने पर जोर दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से अधिक से अधिक प्रकरण सुलझने पर पक्षकारों को त्वरित न्याय मिलेगा, सुलभन्याय मिलेगा।

## खबर संक्षेप

### टमाटर के थोक में दाम 3 से 5 रुपए हुए

**खुरई।** बेमौसम बरसात के बाद सब्जियों के उत्पादन पर भी असर पड़ा है। इसमें टमाटर की फसल सबसे ज्यादा प्रभावित है। टमाटर कछवारों में एक साथ पक रहा है। कच्चा टमाटर भी खराब हो जाएगा। ऐसे में किसान यह भी टमाटर भी तोड़ रहे हैं। जिससे उत्पादन ज्यादा हो गया है, मंडी में थोक में टमाटर के दाम 3 से 5 रुपए किलो हो गए हैं। शहर में ठेलों में टमाटर भरकर बेचा जा रहा है। फुटकर में 10 रुपए किलो एवं शाम को 10 रुपए में डेढ़ किलो तक टमाटर बेच रहे हैं।

### कार की टक्कर से बाइक सवार गंभीर घायल

**खुरई।** खुरई के रजवांस रोड स्थित धनौरा गांव के पास गुरुवार दोपहर एक तेज रफ्तार अज्ञात कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, बाइक चालक घूमन पिता भगवती राय (43) बाहरपुर निवासी हैं। वे खुरई से अपने गांव लौट रहे थे। धनौरा गांव के पास पेट्रोल पंप के सामने अज्ञात कार ने उन्हें टक्कर मारी। घायल घूमन को तुरंत एम्बुलेंस से सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनके चेहरे, सिर और शरीर के अन्य हिस्सों पर गंभीर चोटें आई हैं। घायल की पत्नी ने बताया कि उनके पति खुरई बाजार से खरीदारी कर अपने गांव वापस जा रहे थे। तभी एक कार चालक ने तेज और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी। घूमन का इलाज सिविल अस्पताल में जारी है।

### चंद्रलेश के निधन पर शोक सभा आयोजित की गई

**सागर।** नगर निगम कार्यालय के वाहन विभाग में पदस्थ मस्टरकर्मी चंद्रलेश चौरसिया के आकस्मिक निधन पर निगम सभाकक्ष में शोक सभा आयोजित की गई। उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना कर शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त कीं।

विधायक उमाकांत शर्मा के प्रयास लाए रंग

# सुविधाः सिरोंज अस्पताल को मिली डायलिसिस की मशीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

सिरोंज-लटेरी विधानसभा क्षेत्र के विधायक उमाकांत शर्मा न केवल पूरे जिले में सर्वाधिक प्रश्न लगाने वाले विधायकों में प्रथम स्थान पर हैं, बल्कि उनके सतत प्रयासों का सीधा लाभ अब क्षेत्र की जनता को मिलने लगा है। विधायक श्री शर्मा द्वारा किए जा रहे सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप शासकीय राजीव गांधी जन चिकित्सालय, सिरोंज को डायलिसिस एवं सोनोग्राफी मशीन प्राप्त हो गई है।

### मशीन को लेकर विभाग ने दिया जवाब



विधायक उमाकांत शर्मा ने तारांकित प्रश्न क्रमांक 2760 के माध्यम से विधानसभा में पूछा कि शासकीय राजीव गांधी जन चिकित्सालय सिरोंज में डायलिसिस मशीन से संबंधित समस्त प्रक्रिया कब तक पूर्ण की जाएगी और यह प्रक्रिया किस स्तर पर लंबित है। इस पर स्वास्थ्य विभाग ने जवाब देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नेशनल डायलिसिस प्रोग्राम के अंतर्गत किडनी रोग से ग्रसित मरीजों की असुविधा को ध्यान में रखते हुए सिविल अस्पताल सिरोंज में एक नई डायलिसिस इकाई की स्वीकृति प्रदान की गई है। केंद्रीकृत क्रय प्रणाली के माध्यम से मशीनों के क्रय आदेश 03 फरवरी 2026 को जारी कर दिए गए हैं तथा डायलिसिस इकाई के संचालन हेतु अनुबंधित सेवा प्रदाता एपेक्स किडनी केयर प्रा. लि., मुंबई को कार्य आदेश भी जारी कर दिया गया है। विभाग ने बताया कि मशीनें उपलब्ध हो चुकी हैं, परंतु प्रशिक्षित मानव संसाधन की पदस्थापना अभी लंबित है, जिसे शीघ्र पूर्ण किया जाएगा। विधायक उमाकांत शर्मा की सक्रियता और विधानसभा में निरंतर सवाल उठाने की प्रवृत्ति के चलते सिरोंज शहर के अस्पताल को ये महत्वपूर्ण सुविधाएं मिल सकी हैं यह कार्य आदेश होने पर क्षेत्र वासियो मे अपार हर्ष एवं इस उपलब्धि पर स्थानीय कार्यकर्ताओ एवं आम नागरिकों के द्वारा विधायक श्री शर्मा का आभार व्यक्त किया गया।

वाल्मीकि समाज ने हर संभव सहायता का दिया आश्वासन

# पंजीकृत संगठन में एडवोकेट सुभाष बोहत राष्ट्रीय उपाध्यक्ष किए नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज



अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश बेनीवाल, राष्ट्रीय महामंत्री एवं उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष कमल सिंह,देवास से राष्ट्रीय सचिव राजू सांगते एवं प्रदेश नेतृत्व की सहमति से एडवोकेट सुभाष बोहत को संगठन का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

इस नियुक्ति के उपलक्ष्य में विदिशा स्थित उनके अधिवक्ता चेंबर में उनका भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया। वही उनके समर्थकों एवं समाजजनों ने शाल-श्रीफल एवं पुष्पमालाओं से सम्मान कर मिठाइयाँ वितरित कीं तथा नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त किया। इस मौके पर चौधरी राजेंद्र गौहर, मुन्ना लाल मैना, रमेश पथरौल, विष्णु प्रसाद मारोठिया, संतोष चावरिया, आनंद घेंघट, धनराज चावरिया, नरेंद्र चौहान, रवि घेंघट, मनोज कटारे, विनोद खरे, छोटू बोहत, राजेश चावरिया, जितेंद्र महरौलिया, ताराचंद घेंघट, विक्की कटारे, संजीव घेंघट, सुनील भैरबे, लखन चौहान, ताराचंद बोहत, राजू करोसिया, राजू चावरिया,राजा घेंघट, अशोक महरौलिया,भारत लोहत सहित अनेक कार्यकर्ता एवं समाजजन उपस्थित रहे।

### संगठन के माध्यम से किए जाएंगे ठोस प्रयास

कार्यक्रम में बताया गया कि संगठन का गठन विधिवत पंजीयन क्रमांक 7262 से किया गया है, जिसके तहत यह एक स्वतंत्र एवं पंजीकृत श्रमिक संगठन के रूप में कार्यरत है और देशभर के सफाई कर्मचारियों एवं श्रमिक वर्ग के अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। नवनियुक्त राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एडवोकेट सुभाष बोहत ने अपने विस्तृत संबोधन में कहा कि यह दायित्व उनके लिए केवल एक पद नहीं, बल्कि समाज सेवा का संकल्प है। वह राष्ट्रहित, समाजहित तथा विशेष रूप से वाल्मीकि एवं सफाई कर्मचारी समाज के सम्मान, अधिकारों और समग्र उत्थान के लिए पूर्ण निष्ठा से कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि देशभर में कार्यरत सफाई कर्मचारियों को सुरक्षित कार्य वातावरण, सामाजिक सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास एवं सम्मानजनक जीवन की सुविधाएँ दिलाने के लिए संगठन के माध्यम से ठोस प्रयास किए जाएंगे। समाज के युवाओं को शिक्षा, जागरूकता और संगठन से जोड़कर उन्हें मुख्यधारा में लाने के लिए अभियान चलाए जाएंगे तथा सामाजिक भेदभाव एवं उपेक्षा को समाप्त करने की दिशा में निरंतर कार्य किया जाएगा। श्री बोहत ने कहा कि सफाई कर्मचारी समाज राष्ट्र निर्माण की महत्वपूर्ण कड़ी है और उनके अधिकारों की रक्षा करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने संगठन के संविधान एवं राष्ट्रीय नेतृत्व के मार्गदर्शन में लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक तरीकों से समाज की समस्याओं को शासन-प्रशासन तक पहुँचाने का संकल्प व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन संगठन को और अधिक सशक्त, संगठित एवं प्रभावी बनाने के सामूहिक संकल्प के साथ हुआ।

# एई ने निर्माण कार्यों की समीक्षा कर इंजीनियरों को गुणवत्ता के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज



जनपद पंचायत कार्यालय में एई राहुल धाकड़ ने इंजीनियरों के साथ समीक्षा बैठक की। जिसमें अधूरे निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में पंचायत भवन, आंगनवाड़ी भवन और सामुदायिक भवन में चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई और समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही विधायक निधि और सांसद निधि के कार्यों की भी समीक्षा की गई। एई राहुल धाकड़ ने इंजीनियरों को कार्यों में तेजी लाने और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में निर्माण कार्यों की वर्तमान स्थिति और भविष्य की योजनाओं पर भी चर्चा की गई।

### गेहूं खरीदी के लिए पंजीयन प्रक्रिया शुरू

**सिरोंज।** मध्य प्रदेश में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए पंजीयन प्रक्रिया 7 फरवरी से 7 मार्च 2026 तक चलेगी। सहायक खाद्य अधिकारी सतपाल जादौन ने जानकारी देते हुए बताया कि सिरोंज में 15 केंद्र बने हुए जो कि सिरोंज मार्केटिंग, पथरिया, सियालपुर, चाठौली, दीपनाखेड़ा, परसोरा,पामाखेड़ी, दोहरी, भौरा, सरवरिया, अनूपपुर, सोना, तरवारिया आदि अन्य केंद्र बनाए गए हैं। वहीं पंजीयन के लिए आवश्यक दस्तावेजो में आधार कार्ड,भूमि से जुड़े दस्तावेज,बैंक पासबुक और खाते का विवरण, मोबाईल नंबर आदि रहेगें।

# नपा कार्यालय पहुंचकर अपना संपत्ति कर जमा करने वाले व्यक्ति का नपा ने किया स्वागत



**सिरोंज।** नगर पालिका द्वारा वित्तीय वर्ष समाप्ति के उपरांत वसूली कार्य प्रारंभ किया गया। जिसमें नागरिको द्वारा पूर्ण सहभागिता निभाते हुए नगर के हीरो होंडा शोरूम संचालक द्वारा नगर पालिका कार्यालय पहुचकर अपनी संपत्ति की कर राशि 10,6000 जमा कराई। तो वही नपा प्रभारी राजस्व निरीक्षक बालमुकुंद कुशवाह द्वारा उनका धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उनका फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया। साथ ही नपा ने सभी नागरिको से अपील करते हुए कहा कि समय पर अपना संपत्ति कर,समेकित कर एवं जलकर जमा कराए। जलकर जमा नहीं करने पर नल कनेक्शन काटे जाने की कार्यवाही की जावेगी।

# होलिका दहन से पूर्व ही मौसम की मार से बीमार हो रहे लोग

### सूर्य की किरणों में आई तेजी, रात में ठंडक तो दिन में गर्मी का माहौल

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

2 मार्च को होलिका दहन होगा इससे पूर्व ही मौसम का मिजाज गर्म हो उठा है। दिन में सूरज की किरणों में आई तेजी से अब बिना कूलर, पंखे बैठना कठिन होने लगा है। ठंडे-गरम मौसम का असर शरीर पर पड़ रहा है। बुखार, बदन दर्द, उल्टी-दस्त के मरीजों की नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में संख्या बढ़ने से सिविल अस्पताल, प्राइवेट डॉक्टरों के यहां भीड़ लग रही है।

पिछले अनेक दिनों से आसमान में छाये बादल रहते ही अब सूर्यदेव दमकने लगे है। दिन में सुबह 9-10 बजे से लेकर सूरज ढलने तक अब लोगों को गर्मी, उमस परेशान करने लगी है। मौसम परिवर्तन के चल रहे दौर में अर्धरात्रि से सुबह-सुबह हवाओं में बनी रहने वाली ढण्डक राहत भी दे रही है। कुल मिला कर गर्मी का मौसम शुरु होने के संकेत और होलिका दहन के बाद निवासियों को गर्मी का प्रकोप झेलना पड़ सकता है।



#### कूलर और पंखों की पूछपरख हुई शुरू

फरवरी समाप्त होने वाली है, मार्च की शुरुआत में होलिका दहन और रंगों का त्यौहार फाग है। होलिका दहन के बाद गर्मी में भारी तेजी आने की मान्यता है। इसी कारण घरों, दुकानों में लगे कूलर, पंखों की मरम्मत देखभाल शुरु होने से मेकेनिकों की दुकानों पर सुधार कार्य शुरु हो गए हैं।

## निशुल्क स्वास्थ्य व परामर्श परीक्षण शिविर संपन्न

**सागर।** डॉ. हरी सिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर के प्रथम चिकित्सा अधिकारी ब्र. डॉ. सोमेश्वर नाथ शुक्ला एवं ब्र. शांति देवी शुक्ला की पुण्य स्मृति में 150 वां निशुल्क स्वास्थ्य शिविर संपन्न हुआ। जिसमें 125 रोगियों का निशुल्क रोग स्वास्थ्य परीक्षण तथा परामर्श डॉ राजेश शुक्ला, पूर्व विधि सदस्य, भारतीय केन्द्रीय चिकित्सा परिषद भारत सरकार, पूर्व अध्यक्ष, आयुर्वेद, यूनानी व प्राकृतिक चिकित्सा बोर्ड,म.प्र.शासन, म.प्र.नीमा के उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित, समाज सेवी, ७८ वर्ष की आयु में सतत पीड़ित मानवता की सेवा में रत द्वारा किया गया। जिसमें योग प्रशिक्षण एवं आहार का आयुर्वेद से संबंधित निशुल्क साहित्य भी वितरित किया गया। इसमें मधुमेह 30, रक्ताल्पता 20, यूरिक एसिड 25, बी एम डी 35, श्वास 15 की जांच की गई यह शिविर शिवोम सोम शांति चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र, 5 सिविल लाइन सागर में किया गया। जिसमें मकरोनिया, रजाखेड़ी, पथरिया जाट, तिली, बदतूमा, रेगवा, बाबूपुरा,पटकुई एवं विभिन्न अंचलों के लोग शामिल हुए। इस शिविर में यशवंत कुमार, लोकेश साहू, सत्येश शुक्ला, राजेंद्र रावत, अंकित मिश्रा, दीपक मिश्रा, सोनू साहू, दीपक शाह, अजय द्विवेदी इत्यादि का विशेष सहयोग रहा।

### जिले 104 कम्पोजिट मदिरा दुकानों का 32 एकल समूह में ई-टेण्डर

**सागर।** राज्य शासन के आदेशानुसार सागर जिले 104 कम्पोजिट मदिरा दुकानों का 32 एकल समूह में ई-टेण्डर (ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शन) के माध्यम से वर्ष 2026-27 अर्थात 01 अप्रैल, 2026 से 31 मार्च, 2027 तक की अवधि के लिये मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण) क्रमांक 45 दिनांक 20.02.2026 में प्रकाशित निष्पादन की व्यवस्था, अधिसूचित शर्तों/निर्बन्धनों के अधीन एवं आबकारी आयुक्त मध्यप्रदेश ग्वालियर से प्राप्त निर्देशों के अनुक्रम में ई-टेण्डर (ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शन) के माध्यम से निष्पादन हेतु निविदाएं आमत्रित की जाती है। ई-टेण्डर (ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शन) हेतु ऑनलाईन टेण्डर प्रपत्र डाउन लोड एवं ऑफर सबमिट करने की तिथि 27 फरवरी 2026 को प्रातः 10 बजे से 02 मार्च 2026 को दोपहर 02 बजे तक निर्धारित की गई है।

# सुरक्षा को लेकर ट्रांसफार्मरों की जाली से की घेराबंदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

नगर के विभिन्न हिस्सों, सड़कों के किनारे दर्जनों ट्रांसफार्मर, स्वीच बॉक्स खुले बने हुए थे। इन अत्याधिक नीचे खुले बिजली के स्वीच बॉक्स से हमेशा जानलेवा घटना-दुर्घटना की संभावना बनी रहती थी। समाचार पत्रों के माध्यम से नगर के आड़े-तीरछे नीचे झुके खंभों और नीचे रखे खुले डीपी बॉक्स का मुद्दा उठाया जाता रहा।

विद्युत मंडल ने एक दर्जन से अधिक स्थानों पर रखे ट्रांसफार्मरों डीपी वाक्स को लोहे की मजबूत जाली से घेराबंदी कर नागरिक सुरक्षा की दिशा में अच्छी पहल की शुरुआत की है। नगर की कॉलोनियों सड़कों के किनारे बिजली के पोल एक-एक पोल पर दर्जनों बिजली कनेक्शन होने के भार से खंभे आड़े-तीरछे होने के साथ नीचे तक छुक रहे है। ऐसे दर्जनों आड़े-तीरछे छुके पोल कभी भी घटना-दुर्घटना का कारण बन सकते है। ऐसे खम्बों को शीर्घ बदलें जाने की जरूरत है। नगर के अनेक स्थानों पर अभी भी नीचे रखे ट्रांसफार्मर और खुले ट्रांसफार्मर खतरे की घण्टी बने हुए है।

विद्युत विभाग की पहल से अब दुर्घटना की संभावना हुई कम



#### सुरक्षा का किया प्रयास

विद्युत विभाग के शहरी क्षेत्र के प्रबंधक आरबी शर्मा ने बताया कि नगर में विभिन्न स्थानों पर बरसों से सडक्रों के किनारे रखे हुए वाहनों और लोगों का भारी आवागमन बना रहता है। हादसे न हो लोग ट्रांसफार्मरों के सम्पर्क में न आए इसके लिए एक दर्जन से अधिक स्थानों पर चारों ओर लोहे की मजबूत जाली से घेराबंदी की गई है।

शिव महिला मंडल के तत्वावधान में जारी सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा

# सती के अपमान प्रसंग पर ममतामयी, करूणामयी मां के त्याग का स्मरण

### भगवान शंकर जी और भक्त प्रहलाद की कथा का वर्णन

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली



श्रीशिव महिला मंडल के तत्वाधान में पशु चिकित्सालय प्रांगण मे चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के तृतीय दिवस कथा व्यास पू. मंहत प्रज्ञा भारती द्वारा ईश्वर की महिमा का वर्णन भक्त प्रहलाद की कथा के माध्यम से किया गया तो सती के पिता राजा दक्ष के यहां जाने के प्रसंग से माँ की ममता, करूणा, त्याग इत्यादि भावनाओं और चरित्र का वर्णन कर माँ की महानता का वर्णन सुन कर उपस्थित स्त्रोता महिलायें भावुक हो उठी।

#### शंकर के रूप का वर्णन

सती बिना बुलाए पति भोलेनाथ के मना करने के बाद भी अपने पिता दक्ष के यज्ञ कार्यक्रम में पहुंच गई। सती का अपने मायके में अपमान हुआ। इस प्रसंग पर कथा व्यास पू. प्रज्ञा भारती ने कहा कि विवाह के बाद महिलाओं को अपने मायके और ससुराल के बीच संबन्धों में सन्तुलन, सामाजिक मान मर्यादा का ध्यान रखना जरूरी है। इसी के साथ कहा कि मायके में सती की माँ ने अपनी पुत्री का मान सम्मान रखा हृदय से लगाया, यह माँ की अपने बच्चों के प्रति करूणा, ममतामयी भावना हमेशा बनी रहती है। शिव बारात और भोलेशंकर की बारात प्रसंग का भी विस्तार से वर्णन करते हुए कहा शिव स्वरूप कल्याण कारी है। मस्तक पर चंद्रमा, सिर से निकली गंगा मैया, गले में भुजंग लिए शिव जी का अदभुत देवता रूप और थोड़ी साधना, तपस्या से प्रसन्न होने वाले है।

#### ईश्वर सर्वव्यापी

कथा व्यास प्रज्ञा भारती जी ने भक्त प्रहलाद की कथा का वर्णन करते हुए कहा कि ईश्वर सर्वव्यापी है। सच्चे मन से की गई प्रार्थना पुकार पर ईश्वर अपने भक्त की रक्षा, सुरक्षा करने प्रकट हो जाते है। ईश्वर भक्ति के मार्ग में हमेशा बाधाएं आती है। उनका धैर्यपूर्वक सामना करते हुए भक्ति मार्ग पर बढ़ते जाना जरूरी है।

पिपरिया मार्ग फोर लेन होने से जाम से मिलेगी मुक्ति

# एमपीआरडीसी द्वारा बरेली-पिपरिया मार्ग होगा फोरलेन

### मार्ग पर अतिक्रमण को 7 दिवस में हटाने का नोटिस



हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

नर्मदा क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामों, हजारों ग्रामीणों के लिए सबसे निकटतम रेलवे स्टेशन पिपरिया है। इसी के साथ नर्मदा रेत खदानों से प्रति दिन सैकड़ों डंपर, ट्रैक्टर-ट्रालियां इसी मार्ग से आवागमन करती है। क्षेत्र के किसान पिपरिया मंडी में उपज के भाव अच्छे मिलने से अपनी उपज बेंचने पिपरिया मंडी जाते है। इन्हीं सब कारणों से बरेली पिपरिया मार्ग एनएच 19 पर चौबीसों घंटों वाहनों का भारी आवागमन बना रहता है।

पिपरिया मार्ग पर एक दर्जन से अधिक मैरिज गार्डन है। शादी व बारात के दौरान मार्ग पर घंटों जाम लगने की स्थिति बनती है। एमपीआरडीसी की जिम्मेदारी वाले बरेली से पिपरिया की दूरी मात्र 39 किलोमीटर है। इस मार्ग पर दर्जनों यात्री बसों की दिन-रात भागदौड़ भी बनी रहने और हिल स्टेशन पचमढ़ी नजदीक होने से चौबीसों घण्टों यातायात बना रहता है। फिलहाल मार्ग टू लेन है।

#### दुकानदारों को नोटिस

बरेली पिपरिया मार्ग को शीर्घ फोरलेन निर्माण कराये जाने की योजना है। एमपीआरडीसी द्वारा मार्ग के दोनों ओर सडक्र की भूमि पर अतिक्रमण कर टीनशेड डालने वालों, चबूतरा स्थायी संरचना निर्माण करने वालों को 7 दिवस में अतिक्रमण स्वयं हटाने के नोटिस जारी किये गए है। नोटिस मिलने से अतिक्रमण करने वालों में हलचल मच गई है।

#### धराशाई हो गया पुल

बरेली पिपरिया मार्ग पर एक दिसम्बर 25 को ग्राम नया गांव कला के पास बना पुल ठेकेदार द्वारा मरम्मत करने के दौरान बीच में से टूट कर धराशाही हो गया। फिलहाल पुल के निचले हिस्से में डार्यवस मार्ग बना कर पिपरिया मार्ग पर यातायात चल रहा है। पुल निर्माण के लिए राशि स्वीकृत हो चुकि है। बारिश शुरु होने से पूर्व नये पुल का निर्माण होना जरूरी है।

## त्यौहार व कार्यकरणी गठन को लेकर श्री हिंदू उत्सव समिति की बैठक हुई आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

रंगों का पर्व होली और रंगपंचमी को लेकर श्री हिंदू उत्सव समिति की गुरुवार को बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में होली एवं रंगपंचमी पर्व को परंपरागत, उल्लासपूर्ण और शांतिपूर्ण मनाने को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। समिति अध्यक्ष रवि खत्री ने कहा कि होली प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समरसता का पर्व है, इसे सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि खग्रास चंद्रग्रहण भद्रा नक्षत्र की वजह से धुरेंड़ी पर हुरियारों का परंपरागत जुलूस 4 मार्च को निकाला जाएगा। बैठक में तय किया कि होली एवं रंग पंचमी पर हुरियारों के पारंपरिक जुलूस नगर के प्रमुख मार्गों से निकाले जाएंगे। जुलूस में ढोल-ताशों, गुलाल और पारंपरिक गीत-संगीत के साथ उत्सव का माहौल बनाया जाएगा। वहीं बैठक में हिउस कार्यकारिणी का भी गठन किया गया। साथ ही सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए।

- 3 को जलेगी होलिका, 4 को हुरियारों का निकलेगा जुलूस

### निजी और सरकारी अस्पतालों की ओपीडी में वायरल फीवर के बढ़े मरीज

# मौसम में लगातार बदलाव का दौर सुबह-शाम ठंड, दिन में चुभ रही धूप

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

शहर सहित जिलेभर के निजी अस्पतालों सहित जिला अस्पताल की ओपीडी आयुष चिकित्सा पंचकर्म में वायरल फीवर के मरीजों की बढ़ोतरी होने लगी है। जिले में मौसम का मिजाज इन दिनों लगातार बदल रहा है। सुबह और देर शाम हल्की ठंडक का एहसास हो रहा है। जबकि दोपहर में धूप की तेज चुभन लोगों को परेशान कर रही है। तापमान में दिन-रात के अंतर ने लोगों की दिनचर्या और सेहत पर असर डालना शुरू कर दिया है। सुबह जहां लोग हल्की जैकेट या ऊनी गर्म स्वेटर में नजर आते हैं।, वहीं दोपहर होते-होते तेज धूप पड़ने पर गर्म कपड़े उतारने पड़ रहे हैं।

मौसम विभाग के वैज्ञानिक डॉ एसएस तोमर के अनुसार रात का पारा लगभग स्थिर बना हुआ है, लेकिन दिन के तापमान में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। दोपहर में तेज धूप और हल्की गर्म हवाओं के कारण लोगों को गर्मी का एहसास होने लगा है। बाजारों में दोपहर के समय आवाजाही कम हो रही है, जबकि शाम ढलते ही ठंडक के साथ रौनक लौट आती है।

दोपहर के समय तेज धूप के कारण सड़कों पर सन्नाटा सा नजर आने लगा है। दफ्तरों और दुकानों में भी दोपहर के समय ग्राहकों की संख्या कम हो रही है। स्कूल कॉलेज जाने वाले बच्चों , विद्यार्थियों को भी तेज धूप का सामना करना पड़ रहा है। अभिभावक बच्चों को टोपी और पानी की बोतल साथ रखने की हिदायत दे रहे हैं।

कृषि क्षेत्र पर भी रबी फसलों पर मौसम के बदलाव का असर पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि तापमान में तेजी से बदलाव फसलों के लिए चुनौती बन सकता है। हालांकि अभी स्थिति सामान्य है। लेकिन यदि दिन का पारा इसी तरह बढ़ता रहा तो गेहूं और चने की फसल पर असर पड़ सकता है।



#### वायरल फीवर के मरीजों में इजाफा, बरतें सावधानी

मौसम के उतार-चढ़ाव का असर सीधे तौर पर मानव स्वास्थ्य पर दिखाई दे रहा है। जिला अस्पताल सहित निजी क्लीनिकों में वायरल फीवर, सर्दी-खांसी, गले में खराश और बदन दर्द के मरीजों की संख्या बढ़ गई है। डॉ सौरभ जैन, आरएमओ फैजान खान का कहना है कि तापमान में अचानक बदलाव और लापरवाही के कारण संक्रमण तेजी से फैल रहा है। खासकर बच्चों और बुजुर्गों में बुखार और कमजोरी की शिकायत ज्यादा देखी जा रही है। डॉक्टरों ने सलाह दी है कि सुबह-शाम की ठंडक को नजरअंदाज न करें। हल्के गर्म कपड़े साथ रखें। फिलहाल ठंडे पेय पदार्थों से परहेज करें और धूप में निकलते समय सिर को ढककर रखें। इसके अलावा पर्याप्त पानी और संतुलित आहार जरूरी है।

#### वायरल फीवर के यह है लक्षण...

- मरीज को तेज बुखार आना।
- मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द।
- मरीज को तेज सिर दर्द होना।
- थकान और कमजोरी महसूस होना।
- गला खराब या गले में खराश।
- मरीज को खांसी आना।
- मरीज के खून में कमी आना।
- आंखों में जलन या लालिमा।

#### सेहत का रखें विशेष ध्यान

चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ एके शर्मा का मानना है कि यह संक्रमण काल का मौसम है, जिसमें थोड़ी सी लापरवाही बीमारी को न्योता दे सकती है। सुबह-शाम हल्की ठंडक और दिन में गर्मी के कारण शरीर का तापमान संतुलन बिगड़ जाता है। ऐसे में नियमित व्यायाम, पर्याप्त नींद और साफ-सफाई का ध्यान रखना जरूरी है।

### कलारी सेल्समैन पर मामला दर्ज

## अधिक दाम पर शराब बेचने पर चले डंडे, 2 लोग घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलामतपुर

नगर की शराब दुकान पर देर रात अधिक दाम पर शराब बेचने को लेकर विवाद की स्थिति बन गई और बात मारपीट तक पहुंच गई। शराब दुकान सेल्समैन ने शराब का क्वार्टर खरीदने आए दो युवकों की डंडों से जमकर मारपीट कर दी। पुलिस ने शराब दुकान सेल्समैन के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार फरियादी बलवीर सिंह लोधी पिता भैयालाल 34 निवासी पोहरा पड़रिया, वर्तमान में राममंदिर के पीछे भानपुर भोपाल ने बताया कि सलामतपुर शराब दुकान पर एक सफेद का क्वार्टर खरीदने को गए तो सेल्समैन ने कीमत 120 रुपये बताई।

बलवीर ने कहा कि मैंने अभी विदिशा में तो 90 रुपये में खरीदी था आप शराब मेंहगी बेच रहे हो। इसी बात पर बलवीर का दो सेल्समैनों से विवाद हुआ और बात मारपीट तक पहुंच गई। सेल्समैन ने डंडे से जमकर पिटाई कर दी। बीच बचाव करने आए राजकुमार लोधी को भी डंडे से मारकर घायल कर दिया। दोनों घायलों को ईलाज के लिए सांची अस्पताल ले जाया गया।

### पठा ग्राम में शिवपुराण कथा श्रावण कराते हुए कथा वाचक शैलेंद्र कृष्णा ने कहा...

## राम-कृष्ण और शिव तीनों एक ही परम तत्व के रूप

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी



अंचल के पठा गांव में आयोजित शिव महापुराण कथा में तीसरे दिन श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। तीर्थ स्थल वृंदावन धाम से पधारे धर्म पथिक शैलेंद्र कृष्ण द्वारा शिवपुराण कथा का वाचन किया जा रहा है। कथा स्थल पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान शिव की महिमा का श्रवण कर रहे हैं।

कथा व्यास पूज्य शैलेंद्र कृष्ण ने अपने प्रवचन में कहा कि शिव वो शक्ति हैं जिनका कोई पार नहीं। शिव तो स्वयं अनंत हैं, आदि हैं और अंत भी वही हैं। उन्होंने कहा कि भगवान शिव की भक्ति मात्र से मनुष्य प्रभु श्रीराम का प्रिय बन जाता है। शिव की कृपा से जीवन के समस्त कष्ट दूर हो जाते हैं और भक्त को जन्म.मरण के बंधनों से मुक्ति प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि संसार में राम, कृष्ण और शिव - ये तीनों एक ही परम तत्व के रूप हैं। किसी एक की भी सच्चे मन से भक्ति कर लेने पर मनुष्य बार-बार के आवागमन से मुक्त हो सकता है।

कथा स्थल पर श्रद्धालु भजनों पर झूमते नजर आए।

#### सच्ची निष्ठा व समर्पण से असंभव भी संभव है

कथा के दौरान शिव-पार्वती विवाह, माता पार्वती की तपस्या और शिव भक्ति के महत्व का विस्तार से वर्णन किया। कथा वाचक ने बताया कि माता पार्वती ने कठोर तप कर भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त किया, जो यह संदेश देता है कि सच्ची निष्ठा और समर्पण से असंभव भी संभव हो जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि शिव भक्त की कोई जाति या भेद नहीं होता, वह केवल ईश्वर का होता है। भगवान शिव अपने भक्तों पर समान रूप से कृपा बरसाते हैं। यही कारण है कि माताएं विशेष रूप से शिव जी की पूजा करती हैं और सुख-समृद्धि की कामना करती हैं।

## सिविल अस्पताल में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

नगर के सिविल अस्पताल परिसर में गुरुवार को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया। शिविर में नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में युवाओं एवं नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सुबह से ही रक्तदान करने के लिए रक्तदाता अस्पताल परिसर में पहुंचने लगे थे।

बीएमओ डॉ. आरएस पटेल की विशेष उपस्थिति में रायसेन ब्लड बैंक से आए चिकित्सकों की टीम ने रक्तदाताओं का मार्गदर्शन किया तथा सुरक्षित रूप से रक्त संग्रहण की प्रक्रिया संपन्न कराई। शिविर में 35 यूनिट रक्त का एकत्रीकरण किया। रक्तदान करने वाले सभी दाताओं को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।

डॉ. पटेल ने इस अवसर पर कहा कि रक्तदान एक महादान है। इससे न केवल जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराया जा सकता है, बल्कि कई गंभीर मरीजों की जान भी बचाई जा सकती है। उन्होंने सभी नागरिकों से नियमित रूप से रक्तदान करने की अपील की गई।

## अनियंत्रित होकर बाइक खेत की तार फेंसिंग से टकराई, चालक की गर्दन कटने से मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

जिले की तहसील बेगमगंज में गुरुवार को सुबह एक बेहद दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। कुंडा से बेगमगंज जा रहे एक 50 वर्षीय व्यक्ति की तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत की तार फेंसिंग से जा टकराई।

हादसे में व्यक्ति की गर्दन बुरी तरह कट गई। गंभीर हालत में उन्हें सिविल अस्पताल ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। सुल्तानगंज थाना टीआई राजवीर सिंह ने बताया कि यह घटना गुरुवार सुबह करीब 8 बजे सुल्तानगंज-बेगमगंज मार्ग पर ग्राम घोघरी के मोड़ के पास हुई। ग्राम कुंडा निवासी 50 वर्षीय रामगोपाल शर्मा किसी जरूरी काम से अपनी बाइक से बेगमगंज की ओर जा रहे थे। रास्ते में अचानक उनकी तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई और उछलकर सीधे सड़क किनारे एक खेत की तार फेंसिंग से जा टकराई।



#### तार से कटी गर्दन, अस्पताल में तोड़ा दम

हादसा के दौरान फेंसिंग में उलझने से रामगोपाल शर्मा की गर्दन कट गई और वे लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़े। राहगीर और परिजन गंभीर रूप से घायल रामगोपाल को बेगमगंज के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन अत्यधिक खून बहने के कारण इलाज के दौरान उनकी दर्दनाक मौत हो गई। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायमकर लिया है और दुर्घटना के विस्तृत कारणों की बारीकी से जांच कर रही है।

### राहगीर और रहवासी परेशान

## गणेश चौक मंदिर के पास नाली ओवरफ्लो, सड़क पर फैला सीवेज का गंदा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज

फैक्ट्री चौराहा दीवानगंज से लेकर रेलवे स्टेशन दीवानगंज सेमरा मार्ग पर स्थित गणेश चौक मंदिर के पास नाली ओवरफ्लो होने से सीवेज का गंदा पानी सड़क पर भर गया है। नाली का पानी लगातार सड़क पर फैलने से मार्ग पर कीचड़ और दुर्गंध फैल रही है, जिससे राहगीर और रहवासी परेशान हो रहे है।



स्थानीय लोगों का कहना है कि नाली की नियमित सफाई नहीं होने के कारण यह समस्या लंबे समय से बनी हुई है। सड़क पर भरे गंदे पानी से राहगीर, दुकानदारों और मंदिर आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को खासा दिक्कत होती है।

### भाजपा कार्यालय में हुई जिला स्तरीय कार्यशाला

## संगठन के कार्यों व कार्यक्रमों में कोताही बर्दाश्त नहीं: तेज बहादुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

गुरुवार को भोपाल मार्ग स्थित भाजपा कार्यालय में पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान 2026 को लेकर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया। शुभारंभ पर पं. दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं भारत माता के छाया चित्रों के समक्ष दीप जलाकर उन्हें पुष्प अर्पित किए।

इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा ने स्वागत भाषण देते हुए प्रशिक्षण के बारे में अपने विचार साझा किए। इसके साथ ही मंच पर आशीन मुख्य अतिथियों का अंग वस्त्र से स्वागत किया गया। इस मौके पर आयोजित प्रशिक्षण कार्यशाला में सारगर्वित एवं स्पष्टवादी विचार व्यक्त करते हुए भोपाल संभाग के प्रभारी एवं विधायक तेज बहादुर सिंह ने पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज हम यहां पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान की शुरुआत के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला के लिए एकत्रित हुए हैं, इस प्रकार के कार्यक्रम या पार्टी का कार्य हो सभी में पदाधिकारियों जिसे जो दायित्व मिले उसका ईमानदारी से निर्वहन करना चाहिए।




उन्होंने कहा कि पदाधिकारी, कार्यकर्ता यह बात कान खोल कर सुनने ले कि पार्टी संगठन के प्रति किसी प्रकार की कोताही अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### 1 से 30 मई तक होगी मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना

## जनगणना के पहले चरण के लिए सीएमओ को दी ट्रेनिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

जिले में जनगणना 2027 अंतर्गत प्रथम चरण के लिए जिले के सभी नगरीय निकायों के सीएमओ का प्रशिक्षण कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित किया गया।

कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी अरूण विश्वकर्मा ने सभी सीएमओ से कहा कि नगरीय क्षेत्रों में जनगणना का कार्य शुद्धता के साथ सुचारू रूप से संपन्न कराने में सभी सीएमओ की महत्वपूर्ण भूमिका है, इसलिए सभी सीएमओ पूरी गंभीरता से प्रशिक्षण से प्राप्त करें तथा किसी भी प्रकार का संशय होने प्रशिक्षक से समाधान प्राप्त करें। जनगणना के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य एक मई से 30 मई तक किया जाएगा।



प्रशिक्षण में सभी सीएमओ को जानकारी दी कि इस बार जनगणना कार्य में डिजिटल तकनीक का व्यापक उपयोग किया जा रहा हैं। आंकड़ों का संग्रह मोबाइल ऐप के माध्यम से किया जाएगा, जिसमें प्रत्येक गणना ब्लॉक की सीमा को जीपीएस तकनीक से कैप्चर किया जाएगा। समस्त कार्य की रियल टाइम मॉनिटरिंग जनगणना प्रबंधन एवं निगरानी प्रणाली (सीएमएमएस) पोर्टल के माध्यम से की जाएगी। प्रशिक्षण सत्रों में दिलीप साहू एवं ऐन्सी रेजी द्वारा सभी सीएमओ को विस्तृत और व्यवहारिक जानकारी दी गई। इस दौरान जनगणना की सम्पूर्ण प्रक्रिया, प्रपत्रों का संधारण, मोबाईल एप्लीकेशन के उपयोग, हाउस लिस्टिंग एवं अन्य तकनीकी पहलुओं पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। फील्ड स्तर पर चुनौतियों और उनके समाधान पर भी चर्चा की गई।

ट्रेनिंग में बताया कि जनगणना में लोगों की सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से एक स्व-गणना वेब पोर्टल विकसित किया है। सेल्फ इनूमरेशन बेव पोर्टल के माध्यम से निवासी स्वयं ऑनलाइन अपना जनगणना डेटा भर सकेंगे। इससे आंकड़ों की सटीकता में सुधार होगा, प्रगणकों का कार्यभार कम होगा तथा डिजिटल डेटा संग्रह प्रक्रिया अधिक सुव्यवस्थित और पारदर्शी होगी।

## आगामी त्योहारों के मद्देनजर पुलिस ने निकाला फ्लैगमार्च



हरिभूमि न्यूज ⏭ गैरतगंज

आगामी त्योहारों को देखते हुए क्षेत्र में अमन-चैन कायम रखने पुलिस अब 'एक्शन मोड' में नजर आ रही है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशों का पालन करते हुए थाना प्रभारी डीपी लोहिया ने गुरुवार को स्वयं मोर्चा संभाला और नगर में पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च निकाला।

थाना प्रभारी श्री लोहिया की कुशल रणनीति और नेतृत्व में निकला यह मार्च नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए संवेदनशील क्षेत्रों तक पहुंचा। लोहिया की कार्यशैली का ही असर था कि पुलिस बल अनुशासित और मुस्तैद नजर आया, जिससे आम नागरिकों में सुरक्षा का भाव जागा और शरारती तत्वों में स्पष्ट रूप से खौफ देखा गया।

मार्च के दौरान थाना प्रभारी ने सख्त लहजे में संदेश दिया कि पुलिस की नजर हर गतिविधि पर है। त्योहारों की आड़ में हुड़दंग करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। सोशल मीडिया और जमीनी स्तर पर अफवाह फैलाने वालों पर तत्काल कार्रवाई होगी। वहीं पुलिस ने अपना सूचना तंत्र भी सक्रिय कर दिया गया है।

### कलेक्टर-एसपी की मौजूदगी में सड़क सुरक्षा समिति की हुई बैठक

## ब्लैक स्पॉट और स्टॉप पर दुर्घटनाएं रोकने की चर्चा

**बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश- स्कूल, अस्पताल के समीप सड़कों पर कैट आई, संकेतक चिन्ह, रैलिंग लगाएं**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

गुरुवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में हुई। जिसमें जिले में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने, लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने किए जा रहे कार्यो और गतिविधियों की समीक्षा की।

कलेक्टर तथा एसपी आशुतोष गुप्ता द्वारा गत बैठक के पालन प्रतिवेदन अनुसार की गई कार्रवाई और दुर्घटना संभावित ब्लैक स्पॉट पर दुर्घटनाओं को रोकने किए जा रहे कार्यो की भी जानकारी लेते हुए जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर तथा एसपी ने जिले में ब्लैक स्टॉप के रूप में चिन्हित किए दुर्घटना संभावित स्थल रायसेन-सांची मार्ग पर आमखेड़ा पेट्रोल पंप के समीप, बेरखेड़ी चौराहा से शाहपुर जोड़ तक, खरबई घाटी, बरेली मार्ग में मोरपार जोड़, बाबई जोड़ तथा उमरिया जोड़ सहित अन्य ब्लैक स्टॉप के बारे में विस्तृत चर्चा करते हुए सड़क दुर्घटनाओं को रोकने विभिन्न उपायों पर चर्चा करते हुए सड़क दुर्घटनाओं को रोकने शीघ्र कार्यवाही के निर्देश दिए। इसके साथ ही कलेक्टर ने स्कूल, चिकित्सालय सहित अन्य स्थलों के समीप सड़कों पर कैट आई, विभिन्न संकेतक चिन्ह या साइन बोर्ड, रैलिंग लगाने के भी निर्देश दिए। बैठक में स्कूल, कॉलजों तथा सार्वजनिक स्थलों पर भी यातायात नियमों व सड़क सुरक्षा संबंधी जागरूकता गतिविधियां आयोजित करने पर भी चर्चा की गई।



बैठक में हिट एंड रन मोटरयान दुर्घटना पीड़ति प्रतिकर योजना 2022 के प्रकरणों पर भी चर्चा की गई। साथ ही योजना का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार कराने के भी निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त सड़क दुर्घटना पीड़ितों के कैशलेस इलाज हेतु शुरू की गई कैशलेस पीएम राहत योजना का भी विभिन्न माध्यमों से प्रचार-प्रसार कराने हेतु निर्देशित किया।

इस दौरान डीएफओ प्रतिभा शुक्ला द्वारा वन क्षेत्र में आग लगने की घटनाओं की जानकारी देते हुए वन क्षेत्र में आग लगने की घटनाओं को रोकने हेतु किए जा रहे प्रयासों तथा आग लगने पर नियंत्रण के लिए तैयारियों के बारे में जानकारी दी गई।

बैठक में वन भूमि तथा वन भूमि से लगी हुई भूमि में अवैध खनन की गतिविधियों की रोकथाम पर भी चर्चा की गई। बैठक में अपर कलेक्टर मनोज उपाध्याय, एएसपी कमलेश कुमार, यातायात प्रभारी लता मालवीय सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## देहरी में लगा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर, 127 ग्रामीणों की हुई जांच

**दीवानगंज।** ग्रामीण अंचल में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुलभ बनाने की दिशा में सराहनीय पहल करते हुए वेलस्पन फाउंडेशन द्वारा ग्राम देहरी में निःशुल्क स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण कराया और निःशुल्क उपचार का लाभ लिया।

फाउंडेशन की जमीनी टीम के सहयोग से 127 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। शिविर के दौरान 40 लोगों के रक्त नमूने की जांच की गई, जिसमें 5 मरीज शुगर (मधुमेह) तथा 3 मरीज एनीमिया से पीड़ित पाए गए। चिन्हित मरीजों को आवश्यक परामर्श व दवाइयाँ उपलब्ध कराई गईं। इसके अलावा मौसमी बीमारियों जैसे सर्दी, जुकाम, बुखार और दस्त से ग्रसित ग्रामीणों को निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया।